an>

title: Need to take urgent steps to curb criminal activities by gangs of dacoits active in Banda Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र **(बांदा) :** मेरे संसदीय क्षेत्र के बांदा एवं चित्रकूट जनपद में केन्द्रीय एवं राज्य योजनाएं डकैतों के आतंक के कारण बाधित हो रही हैं। बिना उनको मुंहमांगी रकम दिए कोई छोटे-बड़े कार्य नहीं हो पा रहे हैं। इस क्षेत्र में आतंक का पर्याय बने उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े इनामी डकैत बलखड़िया व कई अन्य छोटे-बड़े गैंग इस समय उस क्षेत्र में सक्रिय हैं। वहां कार्यरत कार्यदायी संस्थाओं के प्रमुखों को उक्त डकैत सीधे व अपने संपर्क सूत्रों के माध्यम से डराकर करोड़ों रूपये के ठेके तक दिलाने का कार्य कर रहे हैं। इसमें पूर्व दस्यु सरदार ददुवा के परिवारजन, जो राजनीतिक चोला भी धारण किए हैं, अपनी प्रमुख भूमिका निभा कर करोड़ों रूपये की वसूली कर चुके हैं और लगातार कर रहे हैं। जगह-जगह उक्त लोगों के द्वारा अवैध खनन भी कराया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन राजनीतिक कारणों से मूकदर्शक है।

अतः केन्द्र सरकार से मेरा आग्रह है कि वहां सीधे सैन्य या केन्द्रीय बल भेजकर उक्त डकैतों के सफाए के लिए निर्देश देने की कृपा करें। साथ ही डरा-धमका कर करोड़ों रूपये के फर्जी रूप से लिए ठेकों को निरस्त कराने की कृपा करें जिससे सरकारी धन की लूट को बचाया जा सके।